# भारत में ऑनलाइन किराना की तेजी

## डिलीवरी और डिजिटल सुविधा ने बदला खरीदारी का तरीका




नई दिल्ली, एजेंसी।
पीडब्ल्यूसी की एक रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन किराना भारत के समग्र किराना खुदरा बाजार का एक छोटा सा हिस्सा है, लेकिन सुविधा, सहज डिजिटल भुगतान एकीकरण, प्रभावी सोशल मीडिया मार्केटिंग और त्वरित डिलीवरी विकल्प जैसे कई कारकों के कारण यह तेजी से विस्तार कर रहा है। आजकल उपभोक्ता अपनी जरूरत, कुल खरीद राशि और रिटर्न पॉलिसी के आधार पर ऑफलाइन और ऑनलाइन खरीदारी के बीच चयन करते हैं। भारत में ऑनलाइन किराना बाजार में मजबूत वृद्धि देखी जा रही है। पीडब्ल्यूसी की एक रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन किराना बाजार अपनी क्विक डिलीवरी सेवाओं, उत्पादों की बड़ी वेरायटी और सुविधाजनक डिजिटल अनुभवों के कारण लोगों के बीच प्रचलन में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि ऑनलाइन किराना भारत के समग्र किराना खुदरा बाजार का एक छोटा सा हिस्सा है, लेकिन सुविधा, सहज डिजिटल भुगतान एकीकरण, प्रभावी सोशल मीडिया मार्केटिंग और त्वरित डिलीवरी विकल्प जैसे कई कारकों के कारण यह तेजी से विस्तार कर रहा है। फ्लिपकार्ट है उपभोकाओं के बीच प्रसिद्ध उपभोकाओं ने फ्लिपकार्ट को इसके सुविधाजनक थोक खरीद विकल्पों, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण, विविध उत्पाद चयन, विश्वसनीय डिलीवरी और न्यूनतम ऑर्डर आवश्यकताओं की अनुपस्थिति के कारण पसंद किया। अमेजन को किराने की खरीदारी के लिए दुसरा सबसे पसंदीदा बाजार माना गया, जबकि उपभोक्ताओं ने बिगबास्केट, जियोमार्ट और स्विगी इंस्टामार्ट की त्वरित डिलीवरी सेवाओं और मजबूत ग्राहक सहायता के लिए सराहना की। ऑनलाइन किराना प्लेटफॉर्मों के बढ़ते चलन के बावजूद, शहरी और शेष भारत के उपभोक्ता ताजा उपज और मांसाहारी किराना सामान ऑफलाइन खरीदना पसंद करते हैं। यह सतत प्राथमिकता उत्पाद की गुणवत्ता, ताजगी, सीमित वापसी नीतियों और स्थानीय व्यवसायों को समर्थन देने की इच्छा से संबंधित चिंताओं से उत्पन्न होती है।देश के 66 प्रतिशत खरीदारों पर सोशल मीडिया का पड़ा प्रभाव अध्ययन से एक प्रमुख निष्कर्ष यह सामने आया कि अन्य दैनिक आवश्यक वस्तुएं किराने की ऐप्स पर सबसे अधिक बिकने वाली श्रेणियों में से एक बन गई हैं। इन वस्तुओं में खराब गुणवत्ता का जोखिम न्यूनतम होता है और त्वरित डिलीवरी व थोक ऑर्डरिंग विकल्पों की सुविधा के कारण ये ऑनलाइन खरीदारों के लिए लोकप्रिय विकल्प बन जाते हैं।

### उपभोक्ता कैसे करते हैं ऑफलाइन और ऑनलाइन खरीदारी के बीच का अंतर?

आजकल उपभोक्ता अपनी जरूरत, कुल खरीद राशि और रिटर्न पॉलिसी के आधार पर ऑफलाइन और ऑनलाइन खरीदारी के बीच चयन करते हैं। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि त्वरित डिलीवरी की पेशकश और न्यूनतम ऑर्डर की जरूरत को हटाने से इस खंड में ऑनलाइन खरीदारी को और बढ़ावा मिल रहा है। शेष भारत के 66 प्रतिशत खरीदारों ने सोशल मीडिया पर सामग्री देखने के बाद किराने की खरीदारी के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या ब्रांडों की कोशिश की। इससे उपभोक्ता की पसंद और खरीदारी व्यवहार को आकार देने में डिजिटल मार्केटिंग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला गया।

## डीएसपी म्यूचुअल फंड ने एमएससीआई इंडिया ईटीएफ के साथ पैसिव रेंज का विस्तार किया

मुंबई, एजेंसी। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने आज डीएसपी एमएससीआई इंडिया ईटीएफ लॉन्च करने की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड है। यह एमएससीआई इंडिया इंडेक्स (टीआरआई) की परफॉर्मेंस दोहराना चाहता है। ईटीएफ इंवेस्टर्स को वैश्विक स्तर पर ट्रैक और समय के साथ परखे गए बेंचमार्क के जरिए भारत की बड़ी और मिड-कैप कंपनियों में भाग लेने का अवसर देता है। एमएससीआई इंडिया इंडेक्स, एमएससीआई के ग्लोबल इंवेस्टेबल मार्केट इंडेक्स (जीआईएमआई) फ्रेमवर्क का हिस्सा है, जो प्रमुख क्षेत्रों में भारतीय इक्विटी के विविध प्रकार के पोर्टफोलियो का प्रतिनिधित्व करता है और जो 1990 के दशक में औद्योगिक नेतृत्व वाले विकास से लेकर आज के सेवा-संचालित परिदृश्य तक भारत की अर्थव्यवस्था की बदलती संरचना को समझता है।

## सर्वेश्वर फूड्स का एच1 एफवाय26 में शुद्ध लाभ 36% उछला

जम्मू, एजेंसी। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड भारत की अग्रणी कृषि और ऑर्गेनिक एफएमसीजी कंपनियों में से एक, ने आज अपनी अनऑडिटेड क्यू2 और एच1 एफवाय26 वित्तीय परिणाम की घोषणा की। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रोहित गुप्ता ने कहा- आर्थिक वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में हमारा प्रदर्शन हमारी सतत विकास और संचालन दक्षता पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के बावजूद, हमने लाभप्रदता बनाए रखी और अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत किया है। हमारे राइट्स इश्यू की सफल पूर्ति और निगरानी हमारे विकास यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जिससे हमें अपनी उत्पादन क्षमताओं को और बढ़ाने और बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार करने में मदद मिलेगी। मुख्य वित्तीय प्रमुख बिंदु - सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड आइएसओ 22000७:2018 और एफडीए (संयुक्त राज्य अमेरिका का फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) प्रमाणित कंपनी है। एसएफएल के उत्पादों के लिए बीआरसी (विश्व का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा मानक), कोशर, एनपीपीओ यूएसए और चीन, साथ ही एनओपी-यूएसडीए ऑर्गेनिक प्रमाणपत्र भी प्राप्त हैं। कंपनी ब्रांडेड और अनब्रांडेड बासमती और नॉन-बासमती चावल के उत्पादन, व्यापार, प्रसंस्करण और विपणन के व्यवसाय में लगी हुई है, और यह कार्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में करती है। हमारी संचालन गतिविधियाँ जम्मू और कश्मीर राज्य के जम्मू क्षेत्र और गुजरात राज्य के गांधीधाम क्षेत्र से संचालित होती हैं। एसएफएल का स्वस्थ और स्वादिष्ट चावल प्रदान करने का 130 वर्षों से अधिक का सतत और पर्यावरण अनुकूल वारसा है, और पिछले कुछ दशकों में इसने अपने इस वारसे को स्वस्थ और ऑर्गेनिक उत्पादों की अन्य प्रीमियम श्रेणियों में भी विस्तारित किया है। एसएफएल हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं के तलहटी क्षेत्रों में स्थित है, जहाँ उपजाऊ खनिज-समृद्ध मिट्टी, जैविक खाद और चेनाब नदी के बर्फ पिघलने वाले पानी से भूमि समृद्ध है। कृत्रिम उर्वरक या रासायनिक पदार्थ का उपयोग किए बिना, पूरे ऑर्गेनिक उत्पादों की श्रृंखला का उत्पादन किया जाता है, जिन्हें निवर्क ब्रांड नाम से बेचा जाता है।

## टैरिफ दबाव के बीच त्योहारों की मजबूत मांग ने अर्थव्यवस्था को दी राहत




नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी टैरिफ दबाव के बावजूद त्योहारी सीजन के आंकड़ों ने भारत की आर्थिक तस्वीर को बेहतर किया है। एसबीआई म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि त्योहारों में कारों, बड़े घरेलू उपकरणों जैसे महंगे सामानों की बिक्री में तेज बढ़ोतरी देखी गई है। इन श्रेणियों में फाइनेंसिंग गतिविधि भी मजबूत बनी हुई है, जो बताती है कि वैश्विक दबावों के बावजूद उपभोक्ताओं का भरोसा कायम है। हालांकि वैश्विक चुनौतियों और टैरिफ के असर के कारण आने वाले महीनों में आर्थिक वृद्धि के अनुमान कमजोर रह सकते है। एसबीआई ने कहा कि हाल ही में जीएसटी में की गई कटौती का असर धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। अक्तूबर महीने में कुल जीएसटी संग्रह उम्मीदों के अनुरूप रहा, जो दर्शाता है कि खपत की रफ्तार स्थिर है। महंगाई के मोर्चे पर भी स्थिति अनुकूल है। रिपोर्ट के मुताबिक, आगे के अनुमान लक्ष्य स्तर के करीब टिके हुए हैं, जबकि मौजूदा आंकड़े भी नीचे की ओर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि मौजूदा विकास और महंगाई के अनुमान यह संकेत देते हैं कि मौद्रिक समर्थन के लिए कुछ गुंजाइश अभी भी बची है। दिसंबर की मौद्रिक नीति समीक्षा को संभावित रूप से इस चक्र की अंतिम दर कटौती के लिए सक्रिय माना जा सकता है।

## मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड का मुनाफा 28.3 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। मुथूट पप्पाचन ग्रुप की प्रमुख एनबीएफसी मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में मजबूत नतीजे दर्ज किए है। कंपनी के अनुसार, इसकी कंसोलिडेटेड एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) बढ़कर ?55,707.53 करोड़ पर पहुंच गई, जबकि कर-पश्चात लाभ (पीएटी) ?630.36 करोड़ रहा। दूसरी तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन बेहतर रहा। इस दौरान पीएटी 59.56न बढ़कर ?429.81 करोड़ हो गया। वहीं राजस्व 28.38न बढ़कर ?2,712.13 करोड़ पर पहुंचा। कंपनी ने कहा कि यह वृद्धि अनुशासित संचालन और ग्राहकों के प्रति बढ़ते भरोसे का परिणाम है। सेनको गोल्ड लिमिटेड ने सितंबर तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में चार गुना वृद्धि के साथ 48.8 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। यह सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव के बावजूद बेहतर मार्जिन और हीरे के आभूषणों की अधिक मांग के कारण हुई। पिछले वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 12.1 करोड़ रुपये था। तिमाही के लिए समेकित राजस्व वर्ष-दर-वर्ष 2 प्रतिशत बढ़कर 1,536.1 करोड़ रुपये हो गया, जबकि समायोजित ईबीआईटीडीए 30 प्रतिशत बढ़कर 106.5 करोड़ रुपये हो गया।

# अक्तूबर में बिजली मांग में 5.2 प्रतिशत की गिरावट

## ठंडे मौसम और बारिश ने घटाया लोड



नई दिल्ली, एजेंसी।
बेमौसम बारिश के कारण अक्तूबर में भारत की बिजली मांग में 5.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। नुवामा रिसर्च की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली की मांग बेमौसम बारिश और कम तापमान के कारण कम हुई, जिससे कूलिंग लोड की जरूरत कम हो गई। बेमौसम बारिश के कारण अक्तूबर में भारत की बिजली मांग में 5.2 प्रतिशत की गिरावट आई है। नुवामा रिसर्च की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली की मांग बेमौसम बारिश और कम तापमान के कारण कम हुई, जिससे कूलिंग लोड की जरूरत कम हो गई। अक्तूबर में औसत तापमान पिछले साल के 27.1 डिग्री सेल्सियस की तुलना में गिरकर 25.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे देश भर में बिजली की मांग में कमी आई। अधिकतम बिजली की आवश्यकता भी घटकर 210 गीगावाट रह गई, जो अक्तूबर 2024 में 219 गीगावाट थी।

**सौर और गैर-सौर ऊर्जा के बीच बड़ा अंतर देखा गयाब** रिपोर्ट में बताया गया है कि बिजली बाजार में सौर और गैर-सौर ऊर्जा घंटों के बीच काफी अंतर देखा गया। सौर ऊर्जा घंटों की आपूर्ति मांग से 422 प्रतिशत अधिक रही, जिससे कीमतें 2.2 रुपये प्रति किलोवाट घंटा पर बनी रहीं। गैर-सौर ऊर्जा घंटों की आपूर्ति भी ऊंची बनी रही, जिससे कीमतें पिछले साल के 4.7 रुपये प्रति किलोवाट घंटा की तुलना में घटकर 3.2 रुपये प्रति किलोवाट घंटा रह गई। इंडिया एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) की कुल बिजली की मात्रा में 16 प्रतिशत (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि हुई। यह वास्तविक समय बाजार (आरटीएम) लेनदेन में 47 प्रतिशत की वृद्धि से प्रेरित थी।

### पीएलएफ गिरकर 57.5 प्रतिशत पर आ गया

तापमान पॉवर जेनरेशन विशेष रूप से प्रभावित हुआ, अखिल भारतीय प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) गिरकर 57.5 प्रतिशत पर आ गया। यह चार वर्षों का निम्नतम स्तर है। एनटीपीसी का पीएलएफ एक वर्ष पूर्व के 78.1 प्रतिशत से तेजी से गिरकर 68 प्रतिशत पर आ गया। लेकिन, कमजोर मांग के बावजूद, देश के कुल उत्पादन में ताप विद्युत का योगदान लगभग 70 प्रतिशत बना रहा।

## गुजरात के खावड़ा में बनेगी देश की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना

नई दिल्ली, एजेंसी। अदाणी ग्रुप ने गुजरात के खावड़ा में 1,126 मेगावॉट क्षमता वाला देश का सबसे बड़ा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रोजेक्ट स्थापित करने की घोषणा की है। यह परियोजना 2026 तक शुरू होगी और नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक स्थिर और विश्वसनीय बनाने में मदद करेगी। अदाणी ग्रुप ने मंगलवार को बैटरी बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की है। समूह गुजरात के खावड़ा में 1,126 मेगावॉट / 3,530 मेगावॉट-घंटा (क्षमता वाला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) स्थापित करेगा। यह परियोजना न केवल भारत की सबसे बड़ी, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान ऊर्जा भंडारण प्रोजेक्ट्स में से एक होगी। कंपनी के अनुसार, इस अत्याधुनिक सुविधा में 700 से अधिक बैटरी कंटेनर लगाए जाएंगे और इसे मार्च 2026 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। यह यूनिट खावड़ा में बन रहे दुनिया के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा कॉम्प्लेक्स का हिस्सा होगी। बैटरी स्टोरेज सिस्टम का उद्देश्य सौर और पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक विश्वसनीय बनाना है। यह तकनीक बिजली को तब उपयोग के लिए सहेजती है, जब उत्पादन कम या न के बराबर हो, जैसे रात के समय या कम हवा वाले दिनों में। इससे ग्रिड स्थिरता बढ़ती है, बिजली बिल घटते हैं और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम होती है। अदाणी समूह ने बताया कि यह प्रोजेक्ट उन्नत लिथियम-आयन बैटरी तकनीक और एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम के साथ तैयार किया जा रहा है।

# निर्यातकों ने 45000 करोड़ रूपये की सरकारी योजनाओं को सराहा

## बोले- वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मिलेगा बढ़ावा




नई दिल्ली, एजेंसी।
निर्यात क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से घोषित योजनाओं को निर्यातकों ने सकारात्मक बताया है। निर्यातकों का कहना है कि सरकार की ओर से मंजूर की गई 45,000 करोड़ रुपये की दो योजनाओं से उद्योग को किफायती वित्त, अनुपालन जटिलताओं और ब्रांडिंग की कमी जैसी दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। निर्यातकों का मानना है कि निर्यात संवर्धन मिशन (25,060 करोड़ रुपये) और ऋण गारंटी योजना (20,000 करोड़ रुपये) भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेगी। उपाध्यक्ष ए शक्तिवेल भी सरकार की योजनाओं को सही मानते हैं हैं। उन्होंने कहा कि इन उपायों से उद्योग के सामने मौजूद हालिया चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिलेगी। शक्तिवेल ने कहा, इस पहल से वित्त तक पहुंच बढ़ेगी, बाजार की तैयारी में सुधार होगा, भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। इससे भारत के निर्यात क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।+

- सीआईआई की राष्ट्रीय निर्यात समिति के अध्यक्ष और पैटन इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया ने कहा कि इन उपायों का मकसद एमएसएमई, पहली बार निर्यात करने वाले और श्रम-प्रधान क्षेत्रों को सशक्त बनाना है। इससे वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच लचीलापन सुनिश्चित हो सकेगा। बुधिया ने कहा, वित्तीय और गैर-वित्तीय हस्तक्षेपों को एक छतरी के नीचे लाकर, यह किफायती वित्त, अनुपालन जटिलताओं और ब्रांडिंग की कमी जैसी दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करता है, और एमएसएमई के लिए नए अवसरों को खोलता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यापार प्रणालियों के साथ डिजिटल एकीकरण से निर्यातक अनुभव में बदलाव आएगा, कागजी कार्रवाई कम होगी, तेजी से वितरण संभव होगा।

# एनएसओ के आंकड़े: जीएसटी कटौती का असर




नई दिल्ली, एजेंसी। जीएसटी दरों में कटौती से खाने-पीने के सामान समेत रोजमर्रा की अन्य वस्तुए सस्ती होने से खुदरा महंगाई अक्तूबर, 2025 में घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25 फीसदी पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई का यह आंकड़ा वर्तमान श्रृंखला (आधार वर्ष 2012) में सबसे कम है। इसमें जनवरी, 2014 से आंकड़े शामिल हैं। खुदरा महंगाई की दर सितंबर, 2025 में 1.44 फीसदी और अक्तूबर, 2024 में 6.21 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बुधवार को आंकड़े जारी कर बताया, सब्जी, फल, अंडा जैसे खाद्य उत्पादों के साथ आम लोगों के उपयोग वाली करीब 380 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती से महंगाई दर में नरमी आई है। खुदरा महंगाई के आंकड़ों पर अनुकूल तुलनात्मक आधार प्रभाव का असर भी देखने को मिला। आंकड़ों के मुताबिक, सब्जियों, फल, अनाज समेत अन्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट से खाद्य महंगाई अक्तूबर में घटकर शून्य से नीचे 5.02 फीसदी पर आ गई। सितंबर में खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर (-)2.33 फीसदी और अक्तूबर, 2024 में 10.87 फीसदी थी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, खाद्य कीमतों में नरमी के साथ खपत वाली कई वस्तुओं पर जीएसटी दर घटाए जाने से महंगाई में कमी आई है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) 2025-26 के लिए अपने खुदरा महंगाई अनुमान को 2.6 फीसदी से और कम कर सकती है। नायर ने कहा, अक्तूबर के आंकड़े दिसंबर में रेपो दर में 0.25 फीसदी की कटौती का समर्थन करेंगे। यह स्थिति तब तक बनी रहेगी, जब तक दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर आश्चर्यजनक रूप से ऊंची न रहे।

# ओपनएआई में हिस्सेदारी बढ़ाने से जापान की सॉफ्टबैंक का मुनाफा दोगुना

नई दिल्ली, एजेंसी।
एआई में निवेश करने वाली कंपनियों का मुनाफा अब उनके वित्तीय परिणामों में दिखने लगा है। जापान की प्रमुख निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक ग्रुप ने इस साल की दूसरी तिमाही में जबरदस्त कमाई की है। कंपनी का शुद्ध लाभ 2.5 ट्रिलियन येन (करीब 16.6 अरब डॉलर) तक पहुंच गया। यह पिछले साल की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

जापान की प्रमुख निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक ग्रुप ने इस साल की दूसरी तिमाही में जबरदस्त मुनाफा कमाया है। कंपनी का शुद्ध लाभ 2.5 ट्रिलियन येन (करीब 16.6 अरब डॉलर) तक पहुंच गया। यह पिछले साल की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। इस बढ़त का मुख्य कारण ओपनएआई में सॉफ्टबैंक की हिस्सेदारी का मूल्य बढ़ना है। ओपनएआई वही कंपनी है जिसने चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स बनाए हैं।

विश्लेषकों ने इस तिमाही में 207 अरब येन के लाभ का अनुमान लगाया था, जबकि सॉफ्टबैंक ने 2.5 ट्रिलियन येन का मुनाफा दर्ज किया। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 1.18 ट्रिलियन येन का लाभ हुआ था। सॉफ्टबैंक की विजन फंड इकाई ने अकेले 3.5 ट्रिलियन येन का निवेश लाभ दर्ज किया। इसमें से 2.16 ट्रिलियन येन ओपनएआई से जुड़े निवेश से आया। डेटा सेंटर जैसे बुनियादी ढांचे की मांग ने सॉफ्टबैंक को बड़ा फायदा पहुंचाया है। कंपनी के शेयर भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। हालांकि, कुछ निवेशकों को चिंता है कि कहीं यह 'एआई बुलबुला' न साबित हो, यानी भारी निवेश के बावजूद उतना लाभ न मिल पाए।

### एआई में निवेश से बंपर कमाई



### ओपनएआई में निवेश की कहानी

मार्च में सॉफ्टबैंक ने ओपनएआई में 300 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर निवेश किया था। अक्तूबर में मे कंपनी ने ओपनएआई के कर्मचारियों से 500 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 6.6 अरब डॉलर के शेयर खरीदे। ओपनएआई में निवेश में लिए सॉफ्टबैंक ने एनवीडिया के 32.1 मिलियन शेयर बेचे, इसकी कीमत करीब 5.83 अरब डॉलर थी। अप्रैल से अब तक कंपनी ने तीन अलग-अलग मुद्राओं में कुल 620 अरब येन, 2.2 अरब डॉलर और 1.7 अरब यूरो के बांड जारी किए। ओपनएआई में निवेश के लिए 8.5 अरब डॉलर का ब्रिज लोन लिया गया।

# सात साल बाद फिल्मों में कर कमबैक सकती हैं अनुष्का



### चकदा एक्सप्रेस की रिलीज पर जल्द हो सकता है फैसला

एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोड्यूसर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोड्यूसर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। अनुष्का ने फिल्म में झूलन गोस्वामी का किरदार निभाया है, जो पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर और टीम की कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है।

### आखिरी बार फिल्म जीरो में दिखी थीं अनुष्का

बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म जीरो में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था, जिसमें उन्होंने आफिया यूसुफजई भिंदर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान और कैटरीना कैफ नजर आए थे। साल 2020 में उन्होंने फिल्म बुलबुल को प्रोड्यूस किया। इसके बाद 2022 में उन्होंने फिल्म कला में कैमियो रोल किया था।



## 120 बहादुर में अपने किरदार को लेकर काफी एक्साइटेड हैं राशि खन्ना

**रजनीश घई निर्देशित फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर एक फौजी के किरदार में नजर आएंगे। यह कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें फरहान के अलावा राशि खन्ना भी हैं। फिल्म मे अपने किरदार को लेकर वह काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही मे एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर डिटेल्स शेयर किए।**

राशि खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'वो युद्ध के मैदान में नही गई, लेकिन उसने हर दिन युद्ध को जिया। मैंने इस किरदार को अपने मन में बसाया है। यह उन महिलाओं के लिए है, जो खामोशी से प्यार करती हैं। जो देश के सैनिकों का घर संभालती हैं। यह महिलाएं गर्व और दर्द को एक साथ समेटे हुए हैं।' बताते चलें कि फिल्म के मुख्य किरदार शैतान सिंह भाटी की पत्नी का रोल राशि खन्ना कर रही हैं।




### भारत-चीन युद्ध पर आधारित कहानी

फिल्म '120 बहादुर' की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। इस लड़ाई में 13 कुमाऊं रेजिमेंट के लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व में, 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया और अपनी अंतिम सांस तक अपनी चौकी की रक्षा की। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह भाटी के किरदार में ही नजर आएंगे। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होने वाली है।

## प्रतिभा रांटा ने सान्या मल्होत्रा को किया रिप्लेस

कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म नागजिला को लेकर इन दिनों काफी बज बना हुआ है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। सेट से पूजा करने का वीडियो भी हाल ही में वायरल हुआ था। अब इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस से जुड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स ने इस बार नई चेहरों की तलाश शुरू की है और उनकी नज़र पड़ी है उभरती हुई स्टार प्रतिभा रांटा पर। बताया जा रहा है कि पहले इस फिल्म के लिए सान्या मल्होत्रा को फाइनल माना जा रहा था, लेकिन अब उनकी जगह पर प्रतिभा रांटा को चुना गया है। टीम ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में लेने की तैयारी लगभग तय कर ली है। हालांकि फिलहाल इन खबरों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रतिभा के चयन की चर्चा इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि उन्हें एक फ्रेश चेहरा और अंडररेटेड टैलेंट माना जाता है। निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा और प्रोड्यूसर करण जौहर दोनों ही चाहते हैं कि फिल्म की जोड़ी एकदम फ्रेश दिखे। यही वजह है कि कार्तिक आर्यन के साथ उनकी पेयरिंग को लेकर काफी बज बन रहा है।



## 10 साल बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं इमरान, भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे





आमिर खान के भांजे इमरान खान करीब 10 साल के लंबे गैप के बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं। इमरान को आखिरी बार 2015 में रिलीज हुई फिल्म कट्टी बट्टी में देखा गया था। जिसमें उनके साथ कंगना रनौत मुख्य किरदार में थीं। अब उनकी अगली फिल्म के जरिए वे दर्शकों के सामने नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की रिलीज और कास्ट से जुड़ा ताजा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान की इस आगामी फिल्म में भूमि पेडनेकर भी उनके साथ नजर आएंगी। फिल्म का पहला एडिट इसी साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग अगस्त में पूरी हो चुकी है और अब यह पोस्ट-प्रोडक्शन फेज में है। निर्माता दिसंबर तक एडिट पूरा कर अगले साल की शुरुआत में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट फाइनल नहीं हुई है। रिलीज डेट का निर्धारण पूरी तरह नेटफ्लिक्स पर निर्भर है। जब तक कॉर्पोरेट अधिकारियों की टीम इस पर साइन नहीं कर देती, रिलीज का कोई आधिकारिक ऐलान नहीं होगा। इसका निर्देशन दानिश असलम कर रहे हैं।




## अल्फा का क्लाइमेक्स एक्शन सीन 8 से 10 मिनट लंबा

### VFX पर 15-20 दिन लगे

**यशराज फिल्म्स की अगली स्पाई थ्रिलर अल्फा को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। इसका क्लाइमेक्स सीक्वेंस हाल ही में मुंबई के यशराज स्टूडियो में अत्याधुनिक तकनीक के साथ सफलतापूर्वक शूट कर लिया गया है। यह फिल्म यशराज स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल सेंट्रिक एक्शन फिल्म है, जो अब अपने फाइनल शेड्यूल में पहुंच चुकी है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी द रेलवे मैन फेम शिव रवैल ने निभाई है। डेढ़ साल से जारी शूटिंग में लंदन समेत कई विदेशी लोकेशन शामिल रही हैं।**

### बोल्ट कैमरा और फेस रिप्लेसमेंट तकनीक का भी हुआ इस्तेमाल

अल्फा के क्लाइमेक्स फाइट सीक्वेंस को लेकर यशराज फिल्म्स ने कोई कसर नही छोड़ी। यह हाई-ऑक्टेन, वीएफएक्स-हेवी एक्शन फिल्म है, जिसमें आलिया का सामना विलन बॉबी देओल के किरदार से होता है। इस सीन को अविश्वसनीय सटीकता के साथ फिल्माने के लिए सेट पर बोल्ट कैमरा मशीन लगाई गई, जो बेहद तेज और सटीक मूवमेंट कैप्चर करने में सक्षम है। शूट की निगरानी एक विदेशी स्टंट डायरेक्टर ने की, जिन्होंने सीन के हर मूवमेंट को परफेक्ट बनाने के लिए कई लेयर्स में रिहर्सल करवाई। इस सीन मे फेस रिप्लेसमेंट और वीएफएक्स के बड़े हिस्से शामिल हैं, जिसके लिए खास लाइटिंग सेटअप और टेक्निकल ग्रिड बनाया गया था। पिता की खराब तबीयत के बीच बॉबी ने बिना रुके की शूटिंग सेट पर सबसे अधिक चर्चा बॉबी के प्रोफेशनलिज्म की रही। वह हर दिन सुबह 11.30 बजे से रात 7-8 बजे तक बिना ब्रेक शूटिंग करते रहे। तीन दिन तक चले इस एक्शन सीन में उन्होंने 8 घंटे की नॉन-स्टॉप शिफ्ट दी। इसी दौरान उनके पिता धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती भी थे। इसके बावजूद बॉबी ने शूट और पिता की सेहत दोनों के बीच तालमेल बनाए रखा। वीएफएक्स तकनीक के चलते बॉबी के लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था पर उन्होंने इसे आसानी से एडॉप्ट कर लिया।

### कड़ी सुरक्षा में पूरा हुआ शूट, मोबाइल फोन भी रहा बैन

क्लाइमेक्स शूट के दौरान सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए। पहले दिन किसी भी क्रू मेंबर को मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति नही थी। बाद में केवल असिस्टेंट डायरेक्टर की मंजूरी से कुछ फोन की अनुमति दी गई। वीएफएक्स बेस्ड इस शूट में आलिया और बॉबी ने अपने सीन अलग-अलग शूट किए। पहले बॉडी डबल्स पर फाइट सीक्वेंस फिल्माया गया है, फिर फेस रिप्लेसमेंट के जरिए असली कलाकारों के चेहरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बॉडी डबल्स की अलग से वर्कशॉप और रिहर्सल भी हुई। बताया जा रहा है कि यह पूरा क्लाइमेक्स एक्शन ब्लॉक 8 से 10 मिनट लंबा है और इसके वीएफएक्स हिस्से में 15 से 20 दिन का समय लगा।

### दो बहनों के रोल में दिखेंगी आलिया-शरवरी

अल्फा की कहानी जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें आलिया और शरवरी दो बहनों बनी हैं, जो सीक्रेट एजेंट भी हैं। इनके पिता के रोल में अनिल कपूर हैं, जो खुद भी एक स्पाई एजेंट हैं। वहीं बॉबी का किरदार टेररिज्म और ग्लोबल क्राइम नेटवर्क से जुड़ा है। उनका लुक इस बार एनिमल से बिल्कुल अलग है।

# इंडस्ट्री का हिस्सा बनना कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था



**कर्नाटक के छोटे-से कस्बे कोडागु से ताल्लुक रखने वाली रश्मिका मंदाना ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन वह ग्लैमर की दुनिया पर राज करेंगी। एक समय था, जब वह लिटरेचर, साइंस और जर्नलिज्म की पढ़ाई में व्यस्त थीं और अपनी ही दुनिया में मस्त। लेकिन किस्मत ने उनका रुख फिल्मों की ओर मोड़ दिया। कन्नड़ और तमिल फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाली रश्मिका जब पुष्पा- द राइज में नजर आईं, तो रातों-रात नेशनल क्रश बन गईं। जल्दी ही पैन इंडिया स्टार के तौर पर पहचानी जाने वाली रश्मिका की थामा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा-खासा बिजनेस किया।**

**आज आप देश की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं। इसका श्रेय आप किसे देती हैं?**

सच कहूं तो इंडस्ट्री का हिस्सा बनना कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था। लेकिन पीछे मुड़कर देखती हूं तो लगता है ये सफर कितना खूबसूरत रहा है। मैं उन सभी की आभारी हूं, जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। सबसे पहले मेरा परिवार, जिन्होंने हमेशा मुझे दिल की सुनने, आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित किया और हर मोड़ पर मेरा साथ दिया। हर निर्देशक, को-स्टार और टीम से मैंने कुछ न कुछ सीखा है, जिसने मुझे लगातार आगे बढ़ाया। और सबसे ऊपर, मेरे चाहने वाले फैन, उनका प्यार और समर्थन मुझे हर दिन नई चुनौतियां

**पुष्पा के बाद आपने सचमुच पैन इंडिया स्टार शब्द को लोकप्रिय बना दिया। पैन-इंडिया सुपरस्टार कहलाना कैसा लगता है?**

बहुत प्यारा लगता है। सच कहूं तो अभी भी उस अहसास को पूरी तरह महसूस कर रही हूं। ये सब दर्शकों के अपार प्यार का नतीजा है और इसके लिए मैं दिल से आभारी हूं। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि आप सबका प्यार ही मेरी ताकत है। मैं हर दिन अपना बेस्ट देने की कोशिश करती हूं और आगे जो प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं, उन्हें लेकर बेहद उत्साहित हूं।

**छोटे शहर और कस्बों से आने वाली उन युवा लड़कियों के लिए क्या संदेश देना चाहेंगी जो आपके रास्ते पर चलना चाहती हैं?**

मैं हमेशा यही कहती हूं कि अगर मैं कर सकती हूं तो कोई भी कर सकता है। जो भी आपका सपना हो, खुद पर विश्वास रखिए और आगे बढ़िए। रास्ता आसान नहीं होगा, लेकिन अगर दिल में ठान लिया तो आधी जीत वहीं से शुरू हो जाती है।

**आपकी नैचुरल एक्टिंग और सादगी भरे लुक्स को लोग बहुत पसंद करते हैं। क्या ये आपकी निजी पसंद है या निर्देशक का विजन?**

यह बहुत प्यारा कॉम्प्लिमेंट है, धन्यवाद। सच कहूं तो मैं सेट पर पूरी तरह अपने निर्देशक पर भरोसा करती हूं। उनका विजन ही फिल्म की आत्मा होता है। हमारा काम है उस विजन को जीवंत करना।

**आपने अल्लू अर्जुन, रणबीर कपूर, विक्की कौशल जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। उनसे आपने क्या सीखा?**

हर कलाकार से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। अल्लू सर हों, रणबीर हों या विक्की, हर किसी का काम करने का तरीका अलग है। मैंने उनसे छोटे-छोटे सबक सीखे हैं जिन्हें मैं हमेशा अपने साथ लेकर चलती हूं। अल्लू अर्जुन सर के साथ हमारी एनर्जी बहुत अच्छी तरह मिलती है, इसलिए हमें काम के दौरान बहुत कंफर्टेबल महसूस होता है। रणबीर की बात करूं, तो हम लोगों को इधर-उधर की बातें पसंद नहीं आती, हम लोग अपने रोल्स और काम पर ध्यान देते हैं। एक चीज जो मुझे उनकी बहुत पसंद है, वो यह है कि उनका जो क्राफ्ट है, वो पूरी इंडस्ट्री को दर्शाता है। जबकि विक्की के साथ काम करते हुए सेट पर मैं यही सोचती थी कि ये इंसान तो कमाल का है।

